RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ARJUN BATCH

CLASS 10th | GEOGRAPHY

जल संसाधन


WATER RESOURCES

अध्याय-3 | भाग-7



आज क्या पढेंगे ?

1 अभ्यास प्रश्न



मैपिंग (भारत मानचित्र)

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

जल दुर्लभता में योगदान
शहरीकरण/बागवानी

1. यहाँ कुछ गलत वक्तव्य दिए गए हैं इसमें गलती पहचाने और दोबारा लिखें।

(क) शहरों की बढ़ती संख्या, उनकी विशालता और सघन जनसंख्या तथा शहरी जीवन शैली ने जल संसाधनों के सही उपयोग में मदद की है।

गलत
सही / गलत


(ख) नदियों पर बाँध बनाने और उनको नियत्रित करने से उनका प्राकृतिक बहाव और तलछट बहाव प्रभावित नहीं होता।

ख
प्रभावित करता है
गलत

(ग) आज राजस्थान में इंदिरा गांधी नहर से उपलब्ध पेयजल के बावजूद छत वर्षा जल संग्रहण लोकप्रिय हो रहा है।

सत्य

2. अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में भी जल संकट क्यों हो सकता है?







उत्तर : अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में भी जल संकट हो सकता है यदि --

- जल अत्यधिक प्रदूषित हो या उसका उचित प्रबंधन न हो।
- जल का असमान वितरण और उपयोग की असंतुलित प्रणाली भी ऐसी स्थिति पैदा करती है, जिससे पर्याप्त जल होने पर भी कमी महसूस होती है।

3. कृषि में जल का महत्व क्या है?





उत्तर :

- कृषि में जल का सबसे अधिक उपयोग सिंचाई के लिए होता है।
- अधिक उत्पादन के लिए सिंचित क्षेत्र बढ़ाना आवश्यक होता है।
- सूखे क्षेत्रों में खेती संभव बनाने और फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए जल संसाधनों का अधिक उपयोग किया जाता है।

4. भूमिगत जल के अत्यधिक उपयोग के क्या प्रभाव हैं?



उत्तर :

- भूमिगत जल के अत्यधिक उपयोग से जल स्तर नीचे गिर जाता है।
- इससे भविष्य में जल की उपलब्धता कम हो जाती है और खाद्य सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न होता है।
- यह समस्या शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों दोनों में गंभीर होती जा रही है।

5. औद्योगीकरण से जल संसाधनों पर क्या प्रभाव पड़ता है?




→ उत्पादन हेतु जल आवश्यक (ताजे पानी का उपयोग)

→ अपशिष्ट / दूषित जल → जल स्रोतों में प्रदूषण का खतरा

→ भू-निम्नीकरण का खतरा

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



यमुना नदी

100 → 97% लवणीय

3%

%

अलवणीय जल

उत्तर :

- औद्योगीकरण के कारण जल की मांग बढ़ती है और जल संसाधनों पर दबाव बढ़ता है।
- उद्योगों को जल और ऊर्जा दोनों की आवश्यकता होती है।


जल विद्युत

- साथ ही, औद्योगिक अपशिष्ट जल को प्रदूषित कर देते हैं, जिससे जल उपयोग के लिए असुरक्षित हो जाता है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

6. जल जीवन मिशन का उद्देश्य क्या है?



JJM

→ भारत सरकार द्वारा लॉन्च

→ ग्रामीण जीवन हेतु


→ प्रति परिवार 55 लीटर पानी प्रति दिन उपलब्धता।

→ पाइप लाइन द्वारा पानी उपलब्ध

उत्तर :

- जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार को नियमित रूप से सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है।
- इसका लक्ष्य प्रति ~~व्यक्ति~~ परिवार प्रतिदिन 55 लीटर जल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है, जिससे जीवन स्तर में सुधार हो सके।

7. बहुउद्देशीय नदी परियोजनाएँ क्या हैं?




उत्तर :

- बहुउद्देशीय नदी परियोजनाएँ वे हैं जिनमें जल का उपयोग सिंचाई, बिजली उत्पादन, जल आपूर्ति, बाढ़ नियंत्रण और अन्य कार्यों के लिए किया जाता है।
- ये परियोजनाएँ एकत्रित जल का विभिन्न उद्देश्यों के लिए समन्वित उपयोग सुनिश्चित करती हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

8. बाँधों के नकारात्मक प्रभाव क्या हैं?



उत्तर :

- बाँधों से नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है, जिससे पारिस्थितिकी पर असर पड़ता है।
- तलछट जमा होने से जलाशय की क्षमता घटती है।
- जलीय जीवों का आवागमन रुकता है और कई बार बाढ़ नियंत्रण में भी विफलता देखी जाती है।

9. छत वर्षा जल संचयन कैसे किया जाता है?



उत्तर :

- छत पर गिरने वाले वर्षा जल को पाइप के माध्यम से टैंक में संग्रहित किया जाता है।
- पहले पानी को साफ किया जाता है, फिर इसे उपयोग के लिए रखा जाता है।
- अतिरिक्त जल को कुओं में भेजकर भूजल का पुनर्भरण भी किया जाता है।

10. जल संरक्षण क्यों आवश्यक है?



उत्तर :

- जल संरक्षण आवश्यक है क्योंकि जल संसाधनों का अति उपयोग और कुप्रबंधन इनके ह्रास का कारण बन रहा है।
- जल की कमी से स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, इसलिए इसका संरक्षण और सही प्रबंधन जरूरी है।


11. जल को नवीकरणीय संसाधन क्यों कहा जाता है?



उत्तर :

परिचय: जल पृथ्वी पर उपलब्ध एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है, जिसे नवीकरणीय माना जाता है।

जल चक्र की भूमिका: जल का नवीकरण जल चक्र के माध्यम से होता है, जिसमें वाष्पीकरण, संघनन और वर्षा जैसी प्रक्रियाएँ शामिल हैं। यह चक्र निरंतर चलता रहता है, जिससे जल का पुनर्भरण होता रहता है।



नवीकरण

सतही एवं भूमिगत स्रोत: जल नदियों, झीलों और भूमिगत स्रोतों से प्राप्त होता है। इन स्रोतों का भी प्राकृतिक रूप से पुनर्भरण होता रहता है।

निष्कर्ष: इस प्रकार, जल निरंतर गतिशील रहता है और प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा पुनः प्राप्त होता है, इसलिए इसे नवीकरणीय संसाधन कहा जाता है।

12. बाँस ड्रिप सिंचाई प्रणाली की व्याख्या कीजिए।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

200 वर्ष पुरानी

उत्तर :

परिचय: बाँस ड्रिप सिंचाई मेघालय की एक पारंपरिक तकनीक है।

प्रक्रिया: बाँस की पाइपों से पानी को पौधों तक पहुँचाया जाता है और बूंद-बूंद सिंचाई की जाती है।

18-20 लीटर
↑
पाइप
↓
प्रति मिनट
20-80 बून्दे गिरती है।

लाभ: इससे जल की बचत होती है और पौधों को आवश्यक मात्रा में जल मिलता है।

निष्कर्ष: यह प्रणाली जल संरक्षण और कुशल सिंचाई का अच्छा उदाहरण है।

13. बहुउद्देशीय परियोजनाओं के विरोध के कारण बताइए।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




उत्तर :

परिचय: बहुउद्देशीय परियोजनाएँ उपयोगी होने के बावजूद कई बार विवाद का कारण बनती हैं।

मुख्य कारण: इनसे लोगों का विस्थापन होता है और उनकी आजीविका प्रभावित होती है। नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा आती है और पारिस्थितिकी प्रभावित होती है।

अन्य समस्याएँ: जलाशयों में तलछट जमा होने से उनकी क्षमता कम हो जाती है और बाढ़ नियंत्रण में भी समस्याएँ आती हैं।

निष्कर्ष: इसी कारण इन परियोजनाओं का विरोध किया जाता है और इनके संतुलित उपयोग की आवश्यकता है।


मध्यप्रदेश
तेलंगाना


भारत
राजनैतिक मानचित्र / नक्शा
लद्दाख
जम्मू और कश्मीर
हिमाचल प्रदेश
पंजाब
उत्तराखण्ड
हरियाणा
दिल्ली
नई दिल्ली
पाकिस्तान
चीन (तिब्बत)
नेपाल
सिक्किम
भूटान
अरुणाचल प्रदेश
असम
नागालैंड
मेघालय
मणिपुर
त्रिपुरा
मिजोरम
बांग्लादेश
म्यांमार (बर्मा)
उत्तर प्रदेश
राजस्थान
बिहार
झारखंड
पश्चिम बंगाल
मध्य प्रदेश
छत्तीसगढ़
ओडिशा
गुजरात
महाराष्ट्र
तेलंगाना
आंध्र प्रदेश
कर्नाटक
तमिलनाडु
गोवा
दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव
बंगाल की खाड़ी
अरब सागर
हिन्द महासागर
श्री लंका
अंतर्राष्ट्रीय सीमा
राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की सीमा
देश की राजधानी
राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की राजधानी
Map not to Scale